कोड-001

# अर्धवार्षिक परीक्षा 2017-18

कक्षा- नवमीं | विषय - हिन्दी

समय - 3.00 घंटे | पूर्णांक - 75

CGboardonline.com

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के तीन खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 2 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 11 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 16 एवं 17 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 5 अंक निर्धारित है

प्रश्न क्र. 18 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है जिस पर 8 अंक निर्धारित है।

---

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए। CGboardonline.com

(1) 'तेत्सुको कुरोयानागी' का जन्म हुआ था।

(अ) टोकियो (जापान) (ब) टोरण्टो

(स) नेपाल (द) चीन

(2) 'गद्दार कौन' पाठ में राजा का नाम था।

(अ) राजेन्द्र शाह (ब) रामशाह

(स) रामचंद्र (द) रामनरेश

(3) 'नीलकमल' में कौन-सा समास है।

(अ) तत्पुरुष समास (ब) द्वंद्व समास

(स) द्विगु समास (द) कर्मधारय

(4) पंडवानी के कलाकार है।

(अ) रामधार साहू (ब) तीजन बाई

(स) देवेश शर्मा (द) अलका चंद्राकर

(5) मेघालय का एक गांव 'मायलिनोंग' की रचयिता है।

(अ) सुदीप्ता घोष (ब) सुनीता शर्मा

(स) अनीता सक्सेना (द) सुभाङगी

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। CGboardonline.com

(1) संज्ञा के बदले प्रयुक्त होने वाले शब्द ---------- कहलाते हैं।

(2) प्रकृति चित्रण में ---------- की झलक मिलती है।

(3) 'अकेली' पाठ में बुआ जी का नाम ---------- है।

(4) शब्द के पूर्व लगने वाले शब्दांश --------- कहलाते हैं ।

(5) एशिया का सर्वोत्कृष्ट स्वच्छ गांव ---------- माना गया है ।

(स) उचित संबंध जोड़िए । CGboardonline.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | मुंशी प्रेमचंद | - | सुरुज टघलत हे |
| (2) | नारायण लाल परमार | - | एकांकीकार |
| (3) | मुकुंद कौशल | - | धनपत राय |
| (4) | जगदीश चंद्र माथुर | - | गद्दार कौन |
| (5) | पवन दीवान | - | गजल |

प्रश्न 2. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

(अ) नयन (ब) अश्रु (स) पक्षी (द) उपवन

प्रश्न 3. तीजन बाई की प्रसिद्धि किस क्षेत्र में हैं, उन्हें कौन सा पुरस्कार मिला है ?

प्रश्न 4. दिए गए शब्दों के स्त्रीपिंग शब्द लिखिए ।

(अ) नायक (ब) कवि (स) बालक (द) सिंह

प्रश्न 5. 'टघल टघल के सुरुज झरत हे' इस पंक्ति का क्या आशय है ?

प्रश्न 6. दिए गए तत्सम शब्दों के तद्भव रुप लिखिए ।

(अ) कृषक (ब) चित्रक (स) आमलक (द) छत्र

प्रश्न 7. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाइए ।

(अ) आस्तीन का सांप (ब) घी के दीये जलाना

(स) अक्ल का दुश्मन CGboardonline.com

प्रश्न 8. जो बच्चे स्कूल नहीं जा पाते वे क्या-क्या करते होंगे ?

प्रश्न 9. 'अनुप्रास अलंकार' को उदाहरण सहित समझाइये ।

प्रश्न 10. हिरण को कुएं में धकेलने के पीछे कोलिहा का क्या उद्देश्य रहा होगा ?

प्रश्न 11. निम्नांकित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए ।

(अ) राम ने रोटी खाई । मोहन ने रोटी खाई । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ब) सत्य की सदा जीत होती है । (प्रश्नवाचक वाक्य)

(स) उसने कहा मैं उत्तीर्ण हो गया हूं । (सरल वाक्य)

(द) अच्छे विद्यार्थी परिश्रमी होते हैं । (मिश्र वाक्य में)

अथवा

भयानक रस की परिभाषा उदाहरण सहित समझाइये ।

प्रश्न 12. पवन दीवान अथवा मुकुटधर पाण्डेय का परिचय निर्धारित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए । CGboardonline.com

(अ) रचनाएँ (कोई दो) (ब) भावपक्ष एवं कलाक्ष

प्रश्न 13. मुंशी प्रेमचंद अथवा जगदीश चन्द्र माथुर का परिचय निम्न बिन्दुओं में दीजिए।

(अ) रचनाएं (कोई दो) (ब) भाषा एवं शैली

प्रश्न 14. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की संदर्भ प्रसंग एवं विशेष दर्शाते हुए व्याख्या कीजिए।

CGboardonline.com

"विलायती खेलों में सबसे बड़ा ऐब है कि उसके सामान महंगे होते हैं। जब तक कम-से-कम एक सैकड़ा न खर्च कीजिए, खिलाड़ियों में शुमार ही नहीं हो पाता। यहां गुल्ली-डंडा है कि बिना हर्रा-फिटकरी के चोरग रंग देता है, पर हम अंग्रेजी चीजों के पीछे ऐसे दीवाने हो रहे हैं कि अपनी सभी चीजों से अरुचि हो गई।

अथवा

"एक धुंध भरी सुबह को रामचरण राजा और उसके मुसाहिबों को लेकर खेत पर पहुंचा। हर पौधा ओस की सुनहरी बूंदों से जड़ा हुआ था। रामचरण ने कहा, लीजिए- मोतियों की फसल। एक मुसाहिब ज्यों ही से तोड़ने के लिए बढ़ा रामचरण चिल्लाया, ठहरो! यह मोतियों की पवित्र फसल है। इसे वही व्यक्ति हाथ लगा सकता हैं जिसने अब तक देश के प्रति गद्दारी न की हो।

CGboardonline.com

प्रश्न 15. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश का संदर्भ, प्रसंग तथा विशेषताएं दर्शाते हुए व्याख्या कीजिए।

"सपना क्या है ? नयन सेज पर
सोया हुआ आँख का पानी,
और टूटना है उसका ज्यों
जागे कच्ची नींद जवानी,
गीली उमर बनाने वालो।
डूबे बिना बहाने वालो!
कुछ पानी के बह जाने से सावन नहीं मरा करता है।"

CGboardonline.com

अथवा

"लूट लिया माली ने उपवन,
लूटी न लेकिन गंध फल की,
तूफानों तक ने छेड़ा पर
खिड़की बंद न हुई धूल की
नफरत गले लगाने वालो!
सब पर धूल उड़ाने वालो!
कुछ मुखड़ों की नाराजी से दर्पण नहीं मरा करता है।"

CGboardonline.com

प्रश्न 16. निम्नांकित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

PTO

CGboardonline.com

"मानव जीवन में समय का महत्वपूर्ण स्थान है। इस संसार में कालचक्र सदैव गतिमान रहता है। वह क्षण भर के लिए भी नहीं रुकता है। एक कहावत है - 'गया वक्त हाथ नहीं आता' अर्थात् समय के अनुकूल चलने का प्रयास नहीं किया जाये तो वह हमें पीछे छोड़ देता है, किंतु गतिमान मनुष्य उन्नति के सर्वोच्च शिखर पर पहुंच जाता है। समय में विचित्र शक्ति है, वह मूर्ख को विद्वान, निर्बल को सबल तथा निर्धन को धनवान बना सकती है। समय में संसार को परिवर्तन करने की दिव्य शक्ति है।"

प्रश्न (1) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। CGboardonline.com

(2) "गया वक्त हथा नहीं आता" कहावत का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग करें।

अथवा

(1) समय में कैसा शक्ति है ?

(2) गद्यांश का सारांश लिखिए।

अथवा

(1) मानव जीवन में महत्वपूर्ण स्थान किसका है ?

प्रश्न 17. अपनी शाला के प्राचार्य को शिक्षण शुल्क माफ करवाने हेतु आवेदन-पत्र लिखिए।

अथवा CGboardonline.com

आपके मुहल्ले में सफाई नहीं होती है, अत: नगर निगम महापौर को उक्त संदर्भ में एक शिकायती पत्र लिखिए।

प्रश्न 18. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (शब्द सीमा 250 शब्द है)

(1) स्वच्छ भारत अभियान

(2) जीवन में खेलों का महत्व

(3) वन संरक्षण

(4) मोबाइल वरान या अभिशाप विज्ञान

(5) बेरोजगारी की समस्या

---00--

CGboardonline.com